Daily COVID-19 Updates

04 July, 2020

- So far, 11,300 'Make In India' ventilators have been dispatched; 6154 delivered to hospitals. Ministry of Health is also supplying 1.02 lakh oxygen cylinders across India; 72,293 delivered: Ministry of Health & Family Welfare
- The total number of samples tested up to July 3 is 95,40,132 of which 2,42,383 samples were tested yesterday: Indian Council of Medical Research (ICMR)
- IT dept refunds over Rs 62,000 cr to more than 20 lakh taxpayers during lockdown.
- Drug Discovery Hackathon 2020 launched to establish 'Open innovation Model' for in silico drug discovery against Covid-19 virus.

Dr. Syama Prasad Mookerjee Research Foundation

#AatmaNirbharBharatAbhiyan
#IndiaFightsCorona

@spmrfoundation @spmrf.org

04 July 2020

COVID-19 Tracker

As on 4th July, till 8 AM

Confirmed Cases	648,315	(▲22,771)
Active Cases	235,433	(▲7,994)
Cured*	394,227	(▲14,335)
Deaths	18,655	(▲442)



Statewise - Confirmed Cases (4000+)



Cured vs. Deaths



*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बाद के भारत की मजबूत रुपरेखा देशवासियों के सामने रखी है. कोरोना के कारण हुए आर्थिक नुकसान एवं आर्थिक ढांचे के चरमरा जाने के पश्चात सबके मन में यही सवाल था कि आगे भारत की आर्थिक नीति क्या होगी ? सरकार किन नीतियों का सहारा लेकर नई आर्थिक व्यवस्था को खड़ा करेगी. पिछले कुछ दिनों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत की चर्चा सबसे ज्यादा देखने को मिली. लिहाज़ा अटकलें लगाई जाने लगी थी कि अब सरकार इन्हीं नीतियों को अंगीकृत करेगी और हुआ भी यही. प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की घोषणा की. इसके लिए प्रधानमंत्री ने 20 लाख करोड़ रूपये का अभूतपूर्व आर्थिक पैकेज देने का भी एलान किया. प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक घोषणा से भारत के पारंपरिक उद्योग-धंधे जो आज नेपथ्य में दिखाई देते हैं पुनः तकनीकयुक्त होकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में पहली पंक्ति में नजर आएंगे. राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण बातेंकहीं उसे भी समझना आवश्यक है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए पांच स्तंभों का जिक्र किया. इसमें अर्थव्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम टेक्नोलॉजी ड्रिवेन और डिमांड और सप्लाई की ताकत को इस्तेमाल करने की बात कही. अब इसी बुनियाद पर आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव सरकार रखने जा रही है. गौरतलब है कि सरकार एवं देशवासियों के दृढ विश्वास और आर्थिक पैकेज की संयुक्त शक्ति से ही हम पुनः एक नए भारत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे. आर्थिक पैकेज में ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह किसी एक वर्ग अथवा केवल बड़े उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि इस पैकेज में किसान, श्रमिक, छोटे व्यापारी सभी को शामिल किया गया है. यह कहना अधिक सुलभ रहेगा कि यह पैकेज संघर्षरत लघु, कुटीर एवं सूक्ष्म, गृह उद्योगों के लिए एक संजीविनी बूटी की तरह है, जिसका सीधा लाभ गाँव, गरीब और छोटे कस्बों के लोगों को होगा. इससे गाँव आत्मनिर्भर होंगे, जिसके परिणामस्वरूप देश का आत्मनिर्भर होना स्वाभाविक है. प्रधानमंत्री ने स्थानीय वस्तुओं कि महत्ता को समझाते हुए देशवासियों को लोकल प्रोडक्ट खरीदनें एवं उसके प्रचार करने का भी आह्वान किया. अब भारत ने गुणवत्तायुक्त स्वदेशी आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिएहैं. सरकार का यह साहसिक संकल्प भारत के प्रत्येक नागरिक के संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए.

Positive India:

1. India Coronavirus News: छह लाख 48 हजार से ज्यादा मामले, लगभग चार लाख लोग हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-more-than-six-lakh-48-thousand-cases-reported-nearly-four-lakh-20472583.html

2. देशभर में 11,300 स्वदेशी वेंटिलेटर व 1.02 लाख ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति- स्वास्थ्य मंत्रालय- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-india-11300-indigenous-ventilators-supplied-across-the-country-says-health-ministry-20472534.html

3. देशभर में 3 जुलाई तक हुए 95,40,132 परीक्षण, एक दिन में हुए 2 लाख 42, 383 टेस्ट- https://www.jagran.com/news/national-samples-tested-up-to-july-3-is-9540132-of-which-242383-were-tested-in-one-day-said-by-icmr-20472513.html

4. DRDO का फैसला, अपने कोविड अस्पताल के वार्डों को देगा शहीद सैनिकों के नाम- https://www.jagran.com/news/national-drdo-to-name-its-covid-hospital-wards-after-soldiers-killed-in-galwan-clash-20472370.html

5. कोरोना के चलते उपजे आर्थिक संकट के दौर में राज्य कर्मियों को सालाना वेतनवृद्धि देगी शिवराज सरकार- https://www.jagran.com/news/national-mp-government-will-give-annual-increment-to-state-staff-during-financial-crisis-due-to-corona-20470279.html

6. सरकार ने कोरोना मरीजों को दी जाने वाली दवा रेमडेसिवीर की बदली खुराक, हाईड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के बारे में भी दी सलाह- https://www.livehindustan.com/national/story-health-ministry-changed-dose-of-remedacevir-given-to-the-corona-patients-3325661.html

7. GOOD NEWS : यूपी के इस शहर में होगा कोरोना वैक्सीन का ट्रॉयल, आईसीएमआर करेगी निगरानी- https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-human-trial-of-corona-vaccine-will-be-11-cities-in-india-one-of-these-includes-gorakhpur-in-up-icmr-will-monitor-biotech-3325682.html

8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज BJP सौंपेगी रिपोर्ट, लॉकडाउन के दौरान पार्टी के कार्यक्रमों के बारे में दी जाएगी जानकारी- https://www.livehindustan.com/national/story-bjp-will-give-status-report-to-pm-narendra-modi-about-party-programs-amid-corona-lockdown-3325659.html

9. आत्म निर्भर भारत के लिए मिशन मोड में सरकार, मंत्रालयों के दिए सुझावों पर अमल भी शुरू- https://www.livehindustan.com/national/story-aatma-nirbhar-bharat-abhiyaan-pm-narendra-modi-govt-in-mission-mod-3325008.html

10. स्वास्थ्य विभाग का फरमान जारी, बिहार में मास्क नहीं पहनने पर होगी सख्ती, देना होगा जुर्माना- https://www.livehindustan.com/bihar/story-health-department-decree-that-now-50-rupees-penalty-for-not-wearing-mask-in-bihar-3325160.html

11. वंदे भारत मिशन शुरू होने के बाद 5.03 लाख से ज्यादा भारतीय वतन लौटे- https://www.livehindustan.com/national/story-more-than-5-03-lakh-indians-returned-to-their-homeland-after-the-launch-of-vande-bharat-mission-3325151.html

12. World Bank Approves $750 Million Stimulus Programme For Micro, Small And Medium Enterprises In India- https://swarajyamag.com/news-brief/world-bank-approves-750-million-stimulus-programme-for-micro-small-and-medium-enterprises-in-india

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24 घंटों में 442 मौतें और 22,771 नए COVID19 मामले रिपोर्ट किए गए। 235433 सक्रिय मामलों, 394227 ठीक / डिस्चार्ज / विस्थापित, 18655 मौतों सहित पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 648315 हुई: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

3 जुलाई तक टेस्ट किए गए सैंपलों की कुल संख्या 95,40,132 है, जिसमें से 2,42,383 सैंपलों का कल टेस्ट किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

अब तक 11,300 'मेक इन इंडिया' वेंटिलेटर भेजे गए हैं और 6154 अस्पतालों में पहुंचाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरे भारत में 1.02 लाख ऑक्सीजन सिलेंडरों की सप्लाई कर रहा है और 72,293 डिलीवर कर दिया गया है: डॉ.हर्षवर्धन, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

3 नए COVID19 मामले सामने आए हैं,कुल मामलों की संख्या 119 है, जिसमें से 65 सक्रिय मामले हैं और 54 ठीक हो चुके मामले हैं: अंडमान और निकोबार द्वीप प्रशासन

आज राष्ट्रीय राजधानी में 10,577 RT-PCR टेस्ट और 13,588 रैपिड एंटीजन टेस्ट किए गए। अब तक कुल 5,96,695 टेस्ट किए गए हैं: दिल्ली सरकार

दिल्ली में 2,520 नए COVID19 मामले और 59 मौतें रिपोर्ट हुईं। 26,148 सक्रिय मामलों, 65,624 रिकवर/ डिस्चार्ज/ विस्थापित मामलों और 2,923 मौतों सहित कुल मामलों की संख्या बढ़कर 94,695 हो गई है: दिल्ली सरकार

गोवा में आज 94 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए। राज्य में कुल मामले 1576 हुए जिसमें 800 सक्रिय मामले, 772 रिकवर और 4 मौतें शामिल हैं: गोवा स्वास्थ्य विभाग

जम्मू और कश्मीर में आज 170 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। जम्मू डिवीजन से 42 और कश्मीर डिवीजन से 128। कुल मामलों की संख्या 8019 है जिसमें 2825 एक्टिव केस, 5075 रिकवरी और 119 मौतें शामिल हैं: जम्मू-कश्मीर सरकार

गुजरात में पिछले 24 घंटों में 687 ताज़ा COVID19 मामले और 18 मौतें रिपोर्ट हुईं। इसे मिलाकर कुल मामलों की संख्या 34,686 हुई जिसमें 24,491 रिकवर और 1,906 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

मध्य प्रदेश में आज 191 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। इसी के साथ कुल मामलों की संख्या 14,297 हुई। आज हुई 4 मौतों के बाद मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पंजाब ने आज कुल 153 ताजा COVID -19 मामलों की सूचना दी। इसी के साथ कुल मामलों की संख्या 5,937 हुई। मरने वालों की संख्या 157 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

उत्तराखंड में आज 64 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। कुल मामलों की संख्या 3,048 हो गई जिसमें से 498 मामले सक्रिय हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

चंडीगढ़ में आज 4 नए COVID19 पॉजिटिव मामले रिपोर्ट किए गए। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 454 हुई: स्वास्थ्य विभाग चंडीगढ़

पिछले 24 घंटों में बिहार में 519 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। राज्य में कुल मामलों की संख्या 10911 है जिसमें 8211 डिस्चार्ज और 2615 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

COVID-19 मामले हिमाचल प्रदेश में 1,021 तक पहुंचे जिसमें से 344 मामले सक्रिय हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

COVID-19 रोगियों का रिकवरी रेट 60% को पार कर गया। अब रिकवरी रेट 60.73% है: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

तमिलनाडु में 4,329 लोगों में कोरोनावायरस संक्रमण की पुष्टि होने से संक्रमितों की संख्या 1 लाख से अधिक हो गई है।

स्वामी विवेकानंद की दृष्टि में ‘आत्मनिर्भर भारत’

कोरोना महामारी ने मनुष्य की जीवन जीने की शैली को ही नहीं बदला बल्कि जीवन के विभिन पहलुओं पर पुनः सोचने पर भी मजबूर किया है। कोरोना के उपरांत क्या परिदृश्य होगा उसपर कयास और अनुमान निरंतर लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम सम्बोधन के दौरान “आत्मनिर्भर भारत” का नारा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, भारत के पास क्षमता है कि वो इस महामारी से उभर कर वैश्विक शक्ति के रूप में सामने आ सकता है। आत्मनिर्भर भारत के नारे को मीडिया ने हाथों-हाथ लिया और देखते ही देखते इस विषय पर बहस, चर्चाओं और लेखों की बाढ़ सी आ गई, लेकिन मुख्यतः सभी विषयों का केंद्र बिंदु आत्मनिर्भर भारत का आर्थिक पक्ष रहा।

इस संदर्भ में उल्लेखनीय होगा कि आज से लगभग 125 वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद अमेरिका के अपने प्रवास के दौरान मिशिगन विश्वविद्यालय में पत्रकारों के एक समूह को कहते हैं कि “यह आपकी सदी है, लेकिन इक्कीसवी सदी भारत की होगी”।

प्रधानमंत्री जी ने भी इक्कीसवीं सदी भारत की हो, इसपर अपने भाषण में जोर दिया और यह भी कहा कि इसका मार्ग आत्मनिर्भर भारत होगा। भारत और राज्य सरकारें तो अपना हर संभव प्रयास कर रहे हैं और करती रहेंगी, लेकिन कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनको सम्बोधित करना बहुत जरुरी है। प्रश्न है कि जब तक हर भारतीय आत्मनिर्भर बनने को तैयार नहीं, फिर भी क्या भारत आत्मानिर्भर बन सकता है?हमें आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि को साकार करने के लिए सचेत रूप से प्रयास करने होंगे। स्वामी विवेकानंद की ”एकता” की अवधारणा अभी के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हम सभी को मन से एक होना पड़ेगा, जैसा कि संगठनों और सफल टीमों में हुआ करता है।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/07/03/swami-vivekanandas-vision-of-self-reliant-india/

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey